# 22 राजस्थान की जनजातियाँ

1. 'धारी संस्कार' किस आदिवासी जनजाति में प्रचलित है?
(1) सहरिया (2) गरासिया
(3) भील (4) मीणा (1)

व्याख्या– बेलपत्ती/धारी संस्कार– सहरिया जाति के लोग मृतक व्यक्ति की अस्थियाँ व राख तीसरे दिन रात्री में आंगन में रख देते है। ऐसी मान्यता है इस राख में जिस आकृति के पद चिहन बनते है मृतक उसी योनी में जन्म लेता है। आकृति देखने के पश्चात् अस्थियाँ व राख को कपिलधारा में प्रवाहित कर देते है।

2. किस जनजाति में प्रेम विवाह का प्रचलन सबसे अधिक है?
(1) गरासिया (2) सहरिया
(3) कथौडी (4) सांसी (1)

व्याख्या– इस जनजाति के लोग मेले में जीवनसाथी चुनतें है, इनमें विधवा विवाह का भी प्रचलन है तथा अत्यधिक पत्नी रखना सम्पन्नता का प्रतीक माना जाता है।

3. आदिवासियों का कुम्भ किस मेले को कहते है?
(1) बेणेश्वर मेला (2) आसापुरी माता
(3) वाल्मिकी मेला (4) दशहरा मेला (1)

व्याख्या– बेणेश्वर मेला, डूँगरपुर की आसपुरा तहसील के नवाटापरा में माघ पूर्णिमा को भरता है।

4. 'हाथीमना नृत्य' किस जनजाति द्वारा सर्वाधिक किया जाता है?
(1) सांसी (2) भील
(3) मीणा (4) सहरिया (2)

व्याख्या– भील जनजाति के मुख्य नृत्य निम्न हैं– गैर, गवरी/राई, नेजा, द्विचक्री, हाथीमना, भगोरिया, घुमरा, युद्ध, शिकार, सूकर व रमणी आदि।

5. 'छेड़ा फाड़ना' से संबंधित है?
(1) आदिवासी जनजाति में तलाक की परम्परा
(2) कपड़े का टूकड़ा करना
(3) आदिवासियों का परिवार से अलग होना
(4) युद्ध करते हुए मारे जाना (1)

6. भील पुरुषों की तंग धोती को क्या कहा जाता है?
(1) ढ़ेपाड़ी (2) ढ़ेपाड़ा
(3) मिलाला (4) माट्टा (2)

व्याख्या– भील पुरुषों के प्रमुख वस्त्र– खोयतु(लंगोटी), ढ़ेपाड़ा/ठेपाड़ा(धोती), फेंटा, पोत्या, फालू(कमर पर बांधने का अंगोछा) आदि।

7. होली के अवसर पर भील कौनसा नृत्य करते है?
(1) हाथिमना (2) गैर
(3) गवरी (4) राई (2)

8. 'भाखर बावजी' किस जनजाति के संरक्षक माने जाते है?
(1) गरासिया (2) भील
(3) मीणा (4) सहरिया (1)

व्याख्या– भाकर क्षेत्र (सिरोही) गरासियों का मूल प्रदेश माना जाता है तथा भाखर बावजी गरासियों के आदिपुरुष माने जाते है।

9. राजस्थान में सर्वाधिक मीणा जाति के लोग किस क्षेत्र में है ?
(1) दक्षिण राजस्थान (2) उत्तरी राजस्थान
(3) पूर्वी राजस्थान (4) पश्चिमी राजस्थान (3)

10. घोटिया अम्बा का प्रसिद्ध भील मेला किस जिले में लगता है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) जालौर (2)

11. गरासिया जनजाति द्वारा अन्न भंडार की कोठियाँ क्या कहलाती है?
(1) मोहरी (2) सोहरी
(3) कोठरी (4) माट्टा (2)

12. कौनसी जनजाति के लोग 'हाकम राजा का प्याला' पीकर झूठ नहीं बोलते?
(1) सहरिया (2) कंजर
(3) गरासिया (4) डामोर (2)

व्याख्या– कंजर जाति के लोग किसी अपराध करने से पहले ईश्वर से आशीर्वाद लेते है जिसे 'पाती मांगना' कहते है तथा हाकम राजा का प्याला पीने के बाद कभी झूठ नही बोलते है।

13. माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एंव प्रशिक्षण संस्थान कहाँ है?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) जालौर (3)

व्याख्या–माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध संस्थान की स्थापना 1964 में उदयपुर में की गई।

14. 'लीला–मोरिया' क्या है?
(1) वैवाहिक संस्कार (2) जन्म संस्कार
(3) कृषि प्रकार
(4) फसल काटने पर गाया जाने वाला गीत (1)

15. राजस संघ की स्थापना कब हुई?
(1) 27 मार्च 1975 (2) 27 मार्च 1976
(3) 9 दिसम्बर 1978 (4) 7 अप्रैल 1977 (2)

16. कंजर जाति की कुल देवी है?
(1) आमजा माता (2) लटियाला माता
(3) चौथ माता (4) ज्वाला माता (3)

17. मोरबंधिया, पहरावना, ताणना विवाह किस जनजाति में प्रचलित है?
(1) सहरिया (2) भील
(3) गरासिया (4) कंजर (3)

18. सांसी जनजाति की दो उपशाखाएँ कौनसी है?
(1) चौकीदार व जमींदार
(2) बीजा व माला
(3) सहरोल व पालवी
(4) मोटी नियात व निचली नियात (2)

19. डामोर जनजाति का मुखिया क्या कहलाता है?
(1) पटेल (2) कोतवाल
(3) मुखी (4) मुखिया (3)

20. 'भराड़ी' किस जनजाति की लोकदेवी है?
(1) सहरिया (2) गरासिया
(3) भील (4) मीणा (3)

व्याख्या– 'भराड़ी' भीलों की लोकदेवी है, विवाह के अवसर पर इस देवी का चित्रण दीवार पर किया जाता है।

21. 'रेस एण्ड कल्चरस ऑफ इण्डिया' के लेखक कौन है?
(1) डी. एन. मजूमदार (2) जेम्स टॉड
(3) वी. ए. स्मिथ (4) इनमें से कोई नहीं (1)

22. 'चौरासी' क्या है?
(1) भील जनजाति की सबसे बडी पंचायत
(2) मीणा जनजाति की सबसे बडी पंचायत
(3) एक प्रथा
(4) विवाह की रस्म (2)

व्याख्या– मीणाओं की सबसे बड़ी पंचायत चौरासी कहलाती है। इसमें 84 गाँव शामिल होते हैं।

23. नीचे दिए गए कथनों में से सही कथन का चयन कीजिए –
I. राजस्थान का दक्षिणी एवं दक्षिणी पूर्वी भाग जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है।
II. राजस्थान के उत्तरी क्षेत्र एवं उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में भील आबादी सर्वाधिक पाई जाती है।
III. जनजाति जनसंख्या के आधार पर राजस्थान का देश में 6वां स्थान है।
IV. राजस्थान की कुल जनसंख्या का 12.48 प्रतिशत जनजाति है।
(1) I, III (2) I, II, III, IV
(3) II, III, IV (4) I, II (1)

व्याख्या– राजस्थान के दक्षिण व दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में भील जनजाति सर्वाधिक पायी जाती है। राजस्थान में कुल जनसंख्या का 13.48% भाग अनुसूचित जनजाति का है।

24. सुमेलित कीजिए–

| जनजाति | आराध्य देव |
|---|---|
| (A) मीणा | (1) भूरिया बाबा |
| (B) भील | (2) टोटम |
| (C) गरासिया | (3) भाखर बावजी |
| (D) कंजर | (4) हनुमानजी |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(2)

25. किस जनजाति को मोर का माँस खाना पसंद हैं?
(1) मीणा (2) कथौड़ी
(3) कंजर (4) सांसी (3)

26. सीताबाड़ी मेला (बारां) किस जनजाति का कुम्भ माना जाता है?
(1) कथौड़ी (2) भील
(3) सहरिया (4) गरासिया (3)

व्याख्या– ज्येष्ठ अमावस्या को आयोजित होने वाला सीताबाड़ी मेला केलवाड़ा(बारां) में भरता है।

27. ताराभांत, लहरभांत, केरीभांत व ज्वारभांत की ओढ़नी किस जनजाति में बहुत प्रचलित है?
(1) भील (2) मीणा
(3) गरासिया (4) सहरिया (1)


28. गरासियों का सबसे बड़ा मेला है?
(1) सीताबाड़ी का मेला (सिरोही)
(2) रेवाड़ी मेला (डूँगरपुर)
(3) सियावा का गौर मेला (सिरोही)
(4) चौथ माता का मेला (बारां) (3)


29. जैसलमेर जिले की कौनसी जाति मांड गायन के लिए प्रसिद्ध है?
(1) लंगा (2) भाट
(3) कालबेलिया (4) सहरिया (1)

30. जनजातियों के संबंध में 'कू' से तात्पर्य है?
(1) भील जनजातियों का घर
(2) गरासिया जनजातियों का घर
(3) भीलों के घरों का छोटा समूह
(4) भीलों के गाँव का मुखिया (1)

व्याख्या– भील अपने घर को कू/टापरा कहते हैं।

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।